**दिनांक : 15 जनवरी, 2020**

# राष्ट्रीय दलों के आय एवं व्यय का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष 2018-19

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा विश्लेषित रिपोर्ट

पता: टी- 95 दूसरा मंजिला, सी एल हाउस, गौतम नगर
(नजदीकी गुलमोहर कमर्शियल काम्प्लेक्स)
दिल्ली – 110049
ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011- 4165 4200

# विस्तृत रिपोर्ट

## प्रस्तावना

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शी लेखा प्रणाली के लिए पार्टियों को सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करना आवश्यक है | भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों/महामंत्रियों को सम्बोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी अंकेक्षत रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय दलों (एनसीपी को छोड़कर) के कुल आय और व्यय का विश्लेषण है जो उन्होंने वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए अपने आयकर में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया | राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी (**बीजेपी**), इंडियन नेशनल कांग्रेस (**कांग्रेस**), बहुजन समाज पार्टी (**बसपा**), नेशनल कांग्रेस पार्टी (**एनसीपी**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (**सीपीआई**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट) (**सीपीएम**) और आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (**एआइटीसी**) है |

## राष्ट्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट

- दलों द्वारा वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तिथि **31 अक्टूबर, 2019** थी |
- **बसपा**, **सीपीएम** और **एआईटीसी** तीनों पार्टियों ने ही अपने ऑडिट रिपोर्ट्स निर्धारित समयसीमा से पहले प्रस्तुत की है |
- **बीजेपी** ने निर्धारित समयसीमा तिथि के 24 दिन बाद, **कांग्रेस** और **सीपीआई** ने 42 दिन बाद अपना ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग में जमा किया |
- **एनसीपी** ने **76 दिन बाद** भी अपना ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग में प्रस्तुत नहीं किया है |

| Party | Due date for submission: 31st Oct,'19 | |
|---|---|---|
| | Date of submission | Delay in submitting their report |
| AITC | 26th September,'2019 | - |
| CPM | 21st October,'2019 | - |
| BSP | 24th October,'2019 | - |
| BJP | 27th November,'2019 | 27 days |
| INC | 12th December, '2019 | 42 days |
| CPI | 12th December, '2019 | 42 days |
| NCP | Not Available on ECI website | 76 days (As on 15-01-2020) |

## राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एवं व्यय - वित्तीय वर्ष-2018-19

- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बीजेपी ने कुल **रु 2410.08 करोड़** की आय घोषित किया है जिसमें से पार्टी ने केवल **रु 1005.33 करोड़** यानि कुल आय का **41.71%** खर्च किया, वही कांग्रेस ने कुल **रु 918.03 करोड़** की आय घोषित किया है जिसमें से पार्टी ने रु 469.92 करोड़ यानि कुल आय का **51.19%** ही खर्च किया है |
- **तृणमूल कांग्रेस** ने कुल **रु 192.65 करोड़** की आय घोषित किया है जिसमें से पार्टी ने **रु 11.50 करोड़** यानि कुल आय का **5.97%** खर्च किया है |

- **बसपा** ने अपने कुल आय में से **70.04%** और **सीपीएम** ने **75.43%** ही खर्च किया है **|** | वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान सीपीआई पार्टी ने **रु 7.15 करोड़** की आय घोषित की है लेकिन पार्टी का कुल खर्च **रु 5.79 करोड़** था |

| Party | Total income and expenditure declared by National Parties, FY 2018-19 (Rs in cr) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Total declared Income | Total declared Expenditure | Excess of income over expenditure | Share of income remaining unspent |
| **BJP** | 2410.08 | 1005.33 | 1,404.75 | 58.29% |
| **INC** | 918.03 | 469.92 | 448.11 | 48.81% |
| **AITC** | 192.65 | 11.50 | 181.15 | 94.03% |
| **CPM** | 100.96 | 76.15 | 24.81 | 24.57% |
| **BSP** | 69.79 | 48.88 | 20.91 | 29.96% |
| **CPI** | 7.15 | 5.79 | 1.36 | 19.02% |
| **Total** | **Rs 3698.66 cr** | **Rs 1617.57 cr** | **Rs 2081.09 cr** | **56.27%** |

**Table: Total income and expenditure declared by National Parties in their audit reports for FY 2018-19**





**Figure: Total income and expenditure, as declared by National Parties in their audit reports for FY 2018-19**

## वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए राष्ट्रीय दलों की कुल आय- एनसीपी को छोड़कर

- राष्ट्रीय दलों की आय पूरे भारतवर्ष से विभिन्न स्त्रोतों से संकलित की गई है जैसा की उन्होंने अपने ऑडिट रिपोर्ट में प्रस्तुत किया है |
- **7** में से **6 राष्ट्रीय दल** के ऑडिट रिपोर्ट सार्वजानिक तौर पर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं | इन 6 दलों की कुल आय **रु 3,698.66 करोड़** (पूरे भारतवर्ष से) है |
- कुल आय **रु 2410.08 करोड़** के साथ राष्ट्रीय दलों में से **बीजेपी** ने सबसे अधिक आय घोषित की है जो इन **6 दलों** के कुल आय का **65.16%** है, दूसरे स्थान पर **कांग्रेस** ने **रु 918.03 करोड़** की आय घोषित की है जो 6 राष्ट्रीय दलों के कुल आय का **24.82%** है |
- **सीपीआई** ने **रु 7.15 करोड़** की सबसे कम आय घोषित की है जो वि व् 2018-19 के दौरान 6 राष्ट्रीय दलों की कुल आय का मात्र **0.19%** है |

| Income of National Parties for FY-2018-19 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **National Party** | **BJP** | **INC** | **AITC** | **CPM** | **BSP** | **CPI** |
| **Total Income** | Rs 24,10,08,36,178 **(Rs 2410.08 cr)** | Rs 918,03,76,172 **(Rs 918.03 cr)** | Rs 192,65,73,607 **(Rs 192.65 cr)** | Rs 100,96,20,770 **(Rs 100.96 cr)** | Rs 69,79,05,130 **(Rs 69.79 cr)** | Rs 7,15,04,314 **(Rs 7.15 cr)** |
| **% Share in total Income** | **65.16%** | **24.82%** | **5.21%** | **2.73%** | **1.89%** | **0.19%** |
| **Grand Total** | **Rs 3,698.66 cr** | | | | | |

**Table: Total income declared by National Parties in their audit reports for FY 2018-19**





**Figure: Total income declared by National Parties in their audit reports for FY 2018-19 (All over India)**

## वित्तीय वर्ष 2017-18 और 2018-19 के बीच राष्ट्रीय दलों की कुल आय की तुलना

- **बीजेपी** की आय **134.59%** (रु 1382.74 करोड़ ) की वृद्धि हुई है | **बीजेपी** ने वि व् 2017-18 में **रु 1027.34 करोड़** दर्शाया था लेकिन पार्टी की आय वि व् 2018-19 में बढ़कर **रु 2410.18 करोड़** हो गयी है |
- **कांग्रेस** की आय में **360.97%** (रु 718.88 करोड़ ) की वृद्धि हुई है | **कांग्रेस** ने वि व् 2017-18 में **रु 199.15 करोड़** दर्शाया था लेकिन पार्टी की आय वि व् 2018-19 में बढ़कर **रु 918.03 करोड़** हो गयी है |
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, **तृणमूल कांग्रेस** की आय **रु 5.167 करोड़** थी जो वि व् 2018-19 में **3628.47%** बढ़कर **रु 187.48 करोड़** हो गयी, जबकि **सीपीआई** की आय पिछले साल की तुलना में **361.29%** बढ़ी है |
- यहाँ पर ध्यान देने की बात है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2017-18 की तुलना में, इस साल वि व् 2018-19 में, केवल **सीपीएम** की आय 3.71**%** (रु 3.887 करोड़**) घटी है** |
- सभी राष्ट्रीय दलों में से , वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान **एनसीपी** ने **रु 8.15 करोड़** आय घोषित की थी, लेकिन वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए पार्टी की ऑडिट रिपोर्ट अभी तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |





**Figure: Total income of National Parties for Financial Years: 2017-18 and 2018-19**

## राष्ट्रीय दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में आय के प्रमुख 3 स्त्रोत

- राष्ट्रीय दलों के शीर्ष तीन मुख्य आय स्रोतों में दलों ने दान से अधिक धन प्राप्त किया है | **बीजेपी** ने रु 2354.02 करोड़, **कांग्रेस** ने रु 551.55 करोड़, **तृणमूल कांग्रेस** ने रु 141.54 करोड़, **सीपीएम** ने रु 37.228 करोड़ और **सीपीआई** ने रु 4.08 करोड़.
- वि व् 2018-19 में, **बीजेपी** को पूरे भारतवर्ष से **स्वैच्छिक योगदान** से सबसे अधिक **रु 2354.02 करोड़** प्राप्त हुआ है जो पार्टी की कुल आय का **97.67%** है | **कांग्रेस** को सबसे अधिक आय **रु 551.55 करोड़ "अनुदान/दान/योगदान"** से प्राप्त हुआ है जो कुल आय का **60.08%** है |





**Figure: Top sources of income of National Parties for FY 2018-19**

## राष्ट्रीय दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में आय के प्रमुख 3 स्त्रोत

| National Party | Total Income | National Parties top 3 sources of Income : Financial Year- 2018-19 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Top 3 Sources of Income** | **Amount (Rs in cr)** | **Share of Income** |
| **BJP** | **Rs 2410.08 cr** | Voluntary Contributions | 2354.02 | **97.67%** |
| | | Interest From Banks | 53.92 | 2.24% |
| | | Fee & Subscription | 1.89 | 0.08% |
| | | **Other Income** | 0.25 | 0.01% |

| National Party | Total Income | National Parties top 3 sources of Income : Financial Year- 2018-19 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Sources of Income | Amount (Rs in cr) | Share of Income |
| INC | Rs 918.03 cr | Grants/Donations/Contributions | 551.55 | **60.08%** |
| | | Collection by Issuing Coupons | 322.59 | 35.14% |
| | | Fees & Subscription | 27.57 | 3.00% |
| | | **Other Income** | 16.32 | 1.78% |
| CPI | Rs 7.15 cr | Donation/Contribution | 4.08 | **57.06%** |
| | | Fees & Subscription | 1.82 | 25.45% |
| | | Bank Interest | 0.88 | 12.31% |
| | | **Other Income** | 0.37 | 5.18% |
| AITC | Rs 192.65 cr | Donation & Contribution | 141.54 | **73.47%** |
| | | Fees & Subscription | 49.41 | 25.65% |
| | | Collection From Issuance Coupons & Mukhopatra | 1.02 | 0.53% |
| | | **Other Income** | 0.68 | 0.35% |
| CPM | Rs 100.96 cr | Fees & Subscription | 39.605 | **39.23%** |
| | | Grants/Donations/Contributions | 37.228 | 36.87% |
| | | Collection by Issuing Coupons/Sale of Publications | 0.987 | 0.98% |
| | | **Other Income** | 23.14 | 22.92% |
| BSP | Rs 69.79 cr | Bank Interest | 38.865 | **55.69%** |
| | | Fees & Subscription | 30.925 | 44.31% |
| **Total Income** | | | **Rs 3698.66 cr** | |

**Table: Top 3 sources of income of National Parties as declared in their audit reports for FY 2018-19**

## राष्ट्रीय दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में व्यय के प्रमुख 3 स्त्रोत

- **बीजेपी** ने **रु 792.39 करोड़** का खर्च **चुनाव/ सामान्य प्रचार** में और **रु 178.35 करोड़ प्रशासनिक लागत** में घोषित किया है |
- **कांग्रेस** ने सबसे अधिक व्यय **चुनाव खर्च** में (रु 308.96 करोड़) और **प्रशासनिक और सामान्य व्यय** में **रु 125.80 करोड़** खर्च घोषित किया है|





**Figure: Top item of expenditure of National Parties for FY 2018-19**

## राष्ट्रीय दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में व्यय के प्रमुख 3 स्त्रोत

| National Party | Total Expenditure | National Parties Top 3 Items of Expenditure : Financial Year- 2018-19 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Items of Expenditure | Amount (Rs in cr) | % of Expenditure |
| BJP | Rs 1005.33 cr | Election/General Propaganda | 792.39 | **78.82%** |
| | | Administrative Costs | 178.35 | 17.74% |
| | | Employee Costs | 23.61 | 2.35% |
| | | **Other Expenditure** | 10.98 | 1.09% |
| INC | Rs 469.92 cr | Election Expenditure | 308.96 | **65.75%** |
| | | Administrative and General Expenses | 125.8 | 26.77% |
| | | Employee Costs | 19.27 | 4.10% |
| | | **Other Expenditure** | 15.89 | 3.38% |
| AITC | Rs 11.50 cr | Election Expenditure | 9.59 | **83.39%** |
| | | Employee Costs | 1.17 | 10.17% |
| | | Administrative & General Expenses | 0.11 | 0.96% |
| | | **Other Expenditure** | 0.63 | 5.48% |
| CPM | Rs 76.15 cr | Administrative & General Expenses | 35.04 | **46.01%** |
| | | Employee Costs | 31.739 | 41.68% |
| | | Election Expenditure | 9.26 | 12.16% |
| | | **Other Expenditure** | 0.111 | 0.15% |
| BSP | Rs 48.878 cr | Election Expenditure | 33.11 | **67.74%** |
| | | Administrative & General Expenses | 15.71 | 32.14% |
| | | Employee Costs | 0.05 | 0.10% |
| | | **Other Expenditure** | 0.008 | 0.02% |
| CPI | Rs 5.79 cr | Administrative and General Expenses | 3.01 | **51.99%** |
| | | Allwance Exp. | 1.83 | 31.61% |
| | | Election Expenditure | 0.737 | 12.73% |
| | | **Other Expenditure** | 0.213 | 3.68% |
| **Total Expenditure** | | | **Rs 1617.57 cr** | |

**Table: Top 3 items of expenditure of National Parties as declared in their audit reports for FY-2018-19**

## राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित आय के सभी स्त्रोत : वि व् 2018-19

- वि व् 2018-19 के दौरान, 6 राष्ट्रीय दलों ने सबसे अधिक **83.50%** (रु 3088.43 करोड़ ) की आय "**स्वैच्छिक योगदान**" से अर्जित की है |
- वि व् 2018-19 के दौरान, 6 राष्ट्रीय दलों में से केवल **बीजेपी**, **कांग्रेस** और **तृणमूल कांग्रेस** ने ही चुनावी बॉन्ड से **रु 1931.43 करोड़** की आय प्राप्त की है |
- 6 राष्ट्रीय दलों ने अन्य योगदान से **रु 1157 करोड़** की आय वित्तीय वर्ष 2018-19 में दर्शायी है |





**Figure: Declarations of Contributions under various Heads: National Parties, FY- 2018-19**





**Figure: Declarations of Contributions under various Heads: National Parties, FY 2018-19**

| All sources of income declared by National Parties | | National Party: Financial Year 2018-2019 | | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Main Income Head** | **Sub Income Head** | **BJP** | **INC** | **AITC** | **CPM** | **BSP** | **CPI** | **NCP*** | |
| **Voluntary Contributions** | Contributions through **Electoral Bonds** | 1450.89 | 383.26 | 97.28 | - | - | - | | **Rs 1931.43 cr** |
| | Other Contributions | 876.8733 | 2.389 | 42.996 | - | - | - | | **Rs 922.26 cr** |
| | Donations/Voluntary Contributions | - | 70.09 | - | 37.228 | 0 | 2.256 | | **Rs 109.574 cr** |
| | Electoral Trust & Foundation | - | 94.596 | - | - | - | - | | **Rs 94.596 cr** |
| | Aajiwan Sahayog Nidhi | 24.649 | - | - | - | - | - | | **Rs 24.648 cr** |
| | Party Fund | - | - | - | - | - | 1.825 | | **Rs 1.825 cr** |
| | Donations From MPs/MLAs | - | 0.174 | 1.263 | - | - | - | | **Rs 1.437 cr** |
| | Contributions from Meetings | 0.931 | - | - | - | - | - | | **Rs 0.93 cr** |
| | Contributions for Morchas | 0.681 | - | - | - | - | - | | **Rs 0.68 cr** |
| | Voluntary fund from PCC/FO | - | 0.608 | - | - | - | - | | **Rs 0.608 cr** |

| All sources of income declared by National Parties | | National Party: Financial Year 2018-2019 | | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Main Income Head | Sub Income Head | BJP | INC | AITC | CPM | BSP | CPI | NCP* | |
| | Donations Building Fund | - | 0.419 | - | - | - | - | | Rs 0.42 cr |
| | Donation from Sympathisers | - | 0.017 | - | - | - | - | | Rs 0.017 cr |
| | Donation from AICC Members | - | 0.0003 | - | - | - | - | | Rs 0.0003 cr |
| | Donation Congress Fund | - | 0.00004 | - | - | - | - | | Rs 0.00004 cr |
| | Donations Application Fee | - | 0 | - | - | - | - | | Rs 0 |
| | Donations (Souvenir) | - | 0 | - | - | - | - | | Rs 0 |
| | Aid from AICC | - | 0 | - | - | - | - | | Rs 0 |
| **Sub Total** | | **Rs 2354.024 cr** | **Rs 551.554 cr** | **Rs 141.54 cr** | **Rs 37.228 cr** | **Rs 0** | **Rs 4.08 cr** | **NA** | **Rs 3088.43 cr** |
| **Collection from Sale of Coupons/Sale of Publications** | Revenue from issuance of Coupons | - | 322.59 | - | 0.0035 | - | - | | Rs 322.594 cr |
| | Sale of Publications | - | - | - | 0.984 | - | - | | Rs 0.984 cr |
| **Sub Total** | | | **Rs 322.59 cr** | **-** | **Rs 0.987 cr** | **Rs 0** | | **NA** | **Rs 323.58 cr** |
| **Fee & Subscription** | Membership Fees | 1.874 | 13.806 | - | - | 30.925 | 0.862 | | Rs 47.467 cr |
| | Primary Members | - | - | 42.173 | - | - | - | | Rs 42.173 cr |
| | Levy from Members | - | - | - | 38.974 | - | 0.4089 | | Rs 39.383 cr |
| | Delegate Fee | - | 10.304 | - | - | - | 0.05 | | Rs 10.354 cr |
| | Bucket Collections | - | - | 6.384 | - | - | - | | Rs 6.384 cr |
| | Application Fees | 0.015 | 2.783 | - | - | - | - | | Rs 2.798 cr |
| | Subscriptions from MP/MLA/Councilor/Members | - | - | 0.854 | 0.631 | - | - | | Rs 1.485 cr |
| | Renewal Fee and Education Levy | - | - | - | - | - | 0.501 | | Rs 0.50 cr |
| | Membership Fund | - | 0.4399 | - | - | - | - | | Rs 0.44 cr |
| | Share of P & A Membership Fee | - | 0.172 | - | - | - | - | | Rs 0.17 cr |
| | Annual Fee | - | 0.057 | - | - | - | - | | Rs 0.057 cr |
| | Membership From Sales | - | 0.0094 | - | - | - | - | | Rs 0.0094 cr |
| **Sub Total** | | **Rs 1.89 cr** | **Rs 27.57 cr** | **Rs 49.41 cr** | **Rs 39.605 cr** | **Rs 30.925 cr** | **Rs 1.82 cr** | **NA** | **Rs 151.22 cr** |
| Interest From Bank | | 53.922 | 0.556 | 0.602 | 20.58 | 38.865 | 0.881 | | Rs 115.406 cr |
| Interest on Fixed Deposits | | - | 12.45 | 0.043 | - | - | - | | Rs 12.493 cr |
| Accured Int. on FD Re-invested | | - | - | 0.034 | - | - | - | | Rs 0.034 cr |
| Interest on Refund of IT | | - | - | 0.001 | - | - | - | | Rs 0.001 cr |
| Contributions from Members receiving Mukhopatra | | - | - | 0.685 | - | - | - | | Rs 0.685 cr |
| Contributions from Passers-by accepting Mukhopatra | | - | - | 0.042 | - | - | - | | Rs 0.042 cr |
| Sale of Sarad Sankha/Sale of old new paper | | 0.027 | | 1.122 | - | - | 0.0009 | | Rs 1.15 cr |
| **Consumption of Papers as certified by the Management** | | - | - | - 0.7879 | - | - | - | | Rs - 0.788 cr |

| All sources of income declared by National Parties | | National Party: Financial Year 2018-2019 | | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Main Income Head | Sub Income Head | BJP | INC | AITC | CPM | BSP | CPI | NCP* | |
| Expenses on Account of Distribution of Mukhopatra | | - | - | - 0.038 | - | - | - | | Rs - 0.038 cr |
| Sub Total | | Rs 53.95 cr | Rs 13.006 cr | Rs 1.70 cr | Rs 20.58 cr | Rs 38.865 cr | Rs 0.882 cr | NA | Rs 128.985 cr |
| Other Income | Other Receipts | - | 3.306 | - | - | - | 0.127 | | Rs 3.433 cr |
| | Miscellaneous Income | 0.166 | - | - | 2.188 | - | - | | Rs 2.354 cr |
| | Rent Received | 0.051 | - | - | 0.368 | - | 0.1698 | | Rs 0.59 cr |
| | Relief | - | - | - | - | - | 0.0653 | | Rs 0.065 cr |
| Sub Total | | Rs 0.217 cr | Rs 3.306 cr | - | Rs 2.556 cr | Rs 0 | Rs 0.362 cr | NA | Rs 6.44 cr |
| Grand Total | | Rs 2410.08 cr | Rs 918.03 cr | Rs 192.65 cr | Rs 100.96 cr | Rs 69.79 cr | Rs 7.15 cr | NA | Rs 3698.66 cr |

** Audit report of NCP is unavailable in public domain. Thus, the various sources of income have not been categorized for the party.*

## एडीआर के अवलोकन

- वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए **एनसीपी** का ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर नियमित तारीख के 76 दिन बाद भी उपलब्ध नहीं है| जबकि राजनीतिक दलों के लिए ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2019 थी |
- तीन राष्ट्रीय दलों (बीजेपी ने 27 दिन , कांग्रेस ने 42 दिन और सीपीआई ने 42 दिन) ने निर्धारित समयसीमा के बाद अपना वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग को प्रस्तुत किया | जबकि तीनों दलों ने अपना ऑडिट रिपोर्ट पिछले साल **नवंबर** और **दिसंबर** में चुनाव आयोग को प्रस्तुत कर दी थी लेकिन आयोग की वेबसाइट पर इन दलों का विवरण 9 जनवरी, 2020 को उपलब्ध हुआ |
- वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, राष्ट्रीय दलों का सबसे अधिक मुख्य व्यय **चुनावी खर्च/सामान्य प्रचार** और **प्रशासनिक और सामान्य ख़र्च** है |
- चुनावी बांड द्वारा दान दाताओं को प्रदान की गई गुमनामी को देखते हुए, वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान राष्ट्रीय दलों का सबसे लोकप्रिय स्त्रोत बनके उभरा है | राष्ट्रीय दलों की वार्षिक आय **52%** (रु 1931.43 करोड़) से अधिक दान राशि चुनावी बांड के माध्यम से आया है | जिन दानदाताओं ने चुनावी बांड के माध्यम से दान दिया है उनकी पहचान सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं होती है | अभी तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध क्षेत्रीय दलों की ऑडिट रिपोर्ट के अध्ययन से पता चलता है की केवल **पांच दलों** (बीजेडी, टीआरस, वायएसआर- कांग्रेस, जेडीएस और एसडीएफ) को ही **रु 490.59 करोड़** का दान चुनावी बांड से प्राप्त हुआ है |
- एडीआर के आरटीआई आवेदन के जवाब में एसबीआई द्वारा साँझा किए गए आंकड़ों को नीचे तालिका में दिखाया गया है | इसके अनुसार, वित्तीय वर्ष 2018-19 में दलों द्वारा **रु 2539.98 करोड़** के चुनावी बांड का नकदीकरण किया गया था | इसमें से **76%** छह राष्ट्रीय दलों को प्राप्त हुआ | वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित चुनावी बांड की कुल राशि अब तक **रु**

**2422.02 करोड़** है | गौर करने की बात है कि **एनसीपी** और कई **क्षेत्रीय दलों** कि ऑडिट रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं कराइ गई हैं | कई पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दलों ने भी सीलबंद लिफाफे में चुनाव आयोग को चुनाव बांड से प्राप्त दान की जानकारी दी है | भविष्य में यदि यह पाया गया कि दलों को चुनावी बांड के माध्यम से दान मिला है तो चुनावी बांड से प्राप्त दान का कुल हिस्सा और बढ़ सकता है |

| Phase | Start date | End Date | Last date for redeeming bonds | No. of Bonds redeemed | Amount Redeemed (Rs in Cr) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Phase-II** | 01-Apr-18 | 10-Apr-18 | 24-Apr-18 | 250 | 114.90 |
| **Phase-III** | 01-May-18 | 10-May-18 | 24-May-18 | 194 | 91.40 |
| **Phase-IV** | 02-Jul-18 | 11-Jul-18 | 25-Jul-18 | 82 | 32.50 |
| **Phase-V** | 01-Oct-18 | 10-Oct-18 | 24-Oct-18 | 731 | 401.53 |
| **Phase-VI** | 01-Nov-18 | 10-Nov-18 | 24-Nov-18 | 339 | 184.20 |
| **Phase-VII** | 01-Jan-19 | 10-Jan-19 | 24-Jan-19 | 936 | 350.36 |
| **Phase-VIII** | 01-Mar-19 | 15-Mar-19 | 29-Mar-19 | 2738 | 1,364.69 |
| **Total** | | | | **5270** | **Rs 2539.58 cr** |

- कई राष्ट्रीय दलों ने चुनावी बांड योजना का खड़ंन किया है, एक राष्ट्रीय दल ने इस योजना के खिलाफ उच्च न्यालय में याचिका भी दायर की है | किन्तु विडंबना यह है की वही राष्ट्रीय दल चुनावी बांड योजना के तहत दान प्राप्त करने में हिचकिचाते नहीं हैं |

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नहीं रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फार्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है ) का भी कोई हिस्सा खाली नहीं होना चाहिए |
- क्योंकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (75 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ़्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है | इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 75 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा |
- वित्त विधेयक 2017 के अनुसार इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 13A में यह संशोधन किया गया था की सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों को कर में छूट दी जाएगी "बशर्ते वो राजनीतिक दल जो अपने पिछले साल का आयकर विवरण (ऑडिट रिपोर्ट) एक निश्चित प्रारूप में नियमित तारीख तक आयकर विभाग को जमा करता है" | इस प्रकार जो दल निर्धारित तारीख पर या उससे पहले अपना ऑडिट रिपोर्ट आयकर विभाग को जमा नहीं करता है ऐसे दलों को कर में छूट नहीं देनी चाहिए और इनकी मान्यता भी रद्द कर देनी चाहिए |
- चुनावी बॉन्ड्स ने चुनावी फंडिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी को रोककर नागरिकों के मौलिक 'जानने का अधिकार' का उल्लंघन किया है | इस तरह कि अपारदर्शिता बड़े सार्वजनिक हित कि कीमत पर है और पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल सिद्धांतों के लिए एक गंभीर झटका है इसलिए चुनावी बॉन्ड्स योजना, 2018 को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाना चाहिए |

- योजना की निरंतरता के मामले में, बॉन्ड दानदाता की गुमनामी के सिद्धांत को चुनावी बॉन्ड स्कीम 2018 में सार्वजनिक किया जाना चाहिए | सभी राजनीतिक दलों को जो चुनावी बॉन्ड के माध्यम से दान प्राप्त करते हैं, उन्हें अपने योगदान में दिए गए वित्तीय वर्ष में प्राप्त दान की कुल राशि के साथ प्रत्येक बॉन्ड के अनुसार दानदाताओं के विस्तृत विवरणों, प्रत्येक बॉन्ड की राशि और प्रत्येक बॉन्ड को प्राप्त क्रेडिट के पूर्ण विवरण की घोषणा करनी चाहिए | यह सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों की वित्तीय स्थिति की एक सच्ची तस्वीर आम जनता के सामने आए, इसके लिए प्रक्रियाओं और रिपोर्टिंग ढांचे को मानकीकृत किया जाना चाहिए |
- राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार के तहत अपने वित्त सबंधित सभी जानकारी प्रदान करनी चाहिए जो राजनीतिक दलों, चुनावों और लोकतंत्र को मजबूत करेगा |
- चुनाव आयोग या अन्य संबंधित संस्थान को चुनावी बांड का नकदीकरण और दलों द्वारा घोषित बांड्स के भिन्नता की देखरेख की ज़िम्मेदारी सौपी जानी चाहिए |
- आईसीएआई के दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले राजनीतिक दलों को आयकर विभाग द्वारा जाँच किया जाना चाहिए |

राजनीतिक दलों की आय और व्यय से संबन्धित सारे रिपोर्ट इस लिंक पर उपलब्ध हैं , कृपया क्लिक करें

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज. से लिया गया है https://eci.gov.in/files/category/1185-recognized-national-parties/ रिपोर्ट बनाते समय सुचना का पूर्ण ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट का विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

**सम्पर्क:**


| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>National Election Watch, Association for Democratic Reforms<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>National Election Watch, Association for Democratic Reforms<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>National Election Watch, Association for Democratic Reforms<br>+91 94483 53285<br>tsastry@gmail.com |